हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 8.4 डिग्री


12 डीडीपीओ को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश





12 स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी : काम्बोज




## खबर संक्षेप

### स्वच्छता नियम तोड़ने पर 7 के किए चालान

**हिसार।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू ने सातरोड व जाट कॉलेज रोड के क्षेत्र में तीन दुकानदार के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने व 2 दुकानदारों के द्वारा डस्टबिन प्रयोग न करने पर उनके चालान किए गए। इसके अलावा एएसआई कपिल ने कृष्णानगर व पीएलए क्षेत्र में खुले में कचरा फैलाने पर एक दुकानदार व एक व्यक्ति का चालान किया। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

### 25 पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम गुरुवार को शिव नगर मेला ग्राउंड, मिलगेट, तरसेम नगर, सेक्टर 9-11, कैमरी रोड से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 25 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ ऑफिस सहायक सुरेन्द्र वर्मा सहित पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### श्री राधा कृष्ण बड़ा मंदिर में मासिक भंडारा लगाया

**हिसार।** श्री राधाकृष्ण बड़ा मंदिर बाजार खजांचियान में अमावस्या का मासिक भंडारा बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ लगाया गया। मंदिर के महंत राहुल शर्मा ने बताया कि अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध दान व पुण्य करना बहुत ही फलदायी होता है। अमावस्या के भंडारे में पूरी, आलू, मटर की सब्जी व लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर के भक्तों ने भंडारे में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन भजन कीर्तन होता है और श्रद्धालु बांके बिहारी जी व राधारानी के भजनों का नित्य प्रति आनंद उठाते हैं।

### ध्यान और विश्राम विषय पर ध्यान सत्र 23 को

**हिसार।** मानव जीवन में ध्यान और विश्राम की क्या भूमिका है और इसके सही मायने समझाने के लिए सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में 23 नवंबर को ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चलने वाले इस ध्यान सत्र में ओशो जन्मोत्सव की तैयारियों के संदर्भ में भी चर्चा की जाएगी। यह ध्यान सत्र ओशो ध्यान उपवन के संचालक स्वामी संजय के सान्निध्य में आयोजित किया जाएगा और मां सांची ध्यान की विभिन्न विधियों से रूबरू करवाते हुए उनका अभ्यास भी करवाएंगी।

### पार्सलों से महंगी वस्तुओं की चोरी का आरोपी काबू

**आदमपुर।** आदमपुर पुलिस ने कंपनी आइडेंटीफाई डिलीवरी प्लस प्रा. लि. के पार्सलों से इलेक्ट्रॉनिक सामान व नकदी चोरी करने के मामले में आरोपी सदलपुर निवासी राजेश उर्फ राजू को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता सिक्योरिटी मैनेजर सुरेन्द्र शर्मा द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, आरोपी 17 अगस्त को कंपनी की आदमपुर ब्रांच से 30 कैश-ऑन-डिलीवरी पार्सल लेकर डिलीवरी के लिए गया था, परंतु देर रात वापसी पर बहाना बनाकर ऑफिस से निकल गया। अगले दिन उसका फोन स्विच ऑफ मिला और पार्सलों की स्कैनिंग भी नहीं हुई। जांच में आरोपी के बैग से 23 पार्सल खुले हुए मिले जिनमें से सामान गायब था और चार डिलीवर पार्सलों की 4500 नकदी भी गबन की हुई पाई गई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि आरोपी ने चोरी किया सामान बेच दिया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुल 2 लाख 20 हजार की राशि बरामद की है।

---

जांच पूरी होने तक परीक्षाएं रद करने संबंधी आदेश रहेंगे स्थगित


# पुलिस करेगी वीएलडीडी पेपर लीक होने की जांच

## लुवास में गठित जांच कमेटी ने की पुलिस से जांच करवाने की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की अधीन हाल ही में हुई वीएलडीडी परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच अब पुलिस करेगी। विश्वविद्यालय की ओर से जांच के लिए गठित कमेटी ने विश्वविद्यालय प्रशासन को पुलिस से जांच करवाने की अनुशंसा की है। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से हाल ही में वीएलडीडी कार्यक्रमों की परीक्षाएं करवाई गई थी। एक दिन परीक्षा लीक होने की सूचना मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में सभी परीक्षाएं रद्द कर दी। प्रशासन के इस फैसले से विद्यार्थी भड़क गए और उन्होंने सभी परीक्षाएं रद करवाने का विरोध किया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि जिस सेंटर से जिस विषय का पेपर लीक हुआ है, उसे ही रद्द किया जाए। सभी परीक्षाएं रद्द करने से छात्रों की परेशानी बढ़ेगी और उनका समय भी खराब होगा। प्रदर्शन के बाद विश्वविद्यालय ने जांच कमेटी बनाई, जिसे रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।





Lala Lajpat Rai University of Veterinary and Animal Sciences, Hisar

ORDER

हिसार। लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय तथा जांच कमेटी की ओर से विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखा गया अनुशंसा पत्र। फोटो : हरिभूमि

■ परीक्षा लीक होने की सूचना मिलने पर विवि ने सभी परीक्षाएं रद्द कर दी

### ये रहे जांच कमेटी में शामिल

विश्वविद्यालय की ओर से निदेशक डॉ. पवन कुमार की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई गई। जांच कमेटी में सदस्यों के तौर पर डीन डॉ. मनोज रोज, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता व परीक्षा नियंत्रक डॉ. विजय जाधव शामिल रहे।

### जांच कमेटी ने ये दी रिपोर्ट

विश्वविद्यालय की ओर से गठित जांच कमेटी ने जांच करके अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस मामले की जांच पुलिस से करवाना उचित रहेगा। पुलिस से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। तब तक इन परीक्षाओं की स्थिति यथावत रहेगी। जांच कमेटी ने आईपीवीएस और लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के निजी संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के सभी विद्यार्थियों को इस बारे सूचना देते हुए कहा है कि प्रथम वर्ष के वीएलडीडी कार्यक्रम (2024-25) की वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा को रद्द

---



नारनौंद। विजेता छात्रों को सम्मानित करते बीईओ देवेन्द्र सिंह व अन्य ।

# छात्रों ने बिज़नेस के बताए अनेक नए आइडिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

■ नारनौंद मॉडल स्कूल में कुशल बिजनेस चैलेंज कार्यक्रम

नारनौंद मॉडल स्कूल में कुशल बिजनेस चैलेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के 20 स्कूलों के छात्रों ने हिस्सा लिया। खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने छात्रों को मोटिवेट किया और विजेता टीमों को सम्मानित किया।बीआरपी सुमित्रा व अंजना बिश्नोई ने बताया कि इस कार्यक्रम में, छात्रों ने अपने बिजनेस आइडिया प्रस्तुत किए, जैसे कि डेयरी फार्मिंग, हैंडक्राफ्ट, भोजनालय, शुद्ध खाद्य उत्पाद, जैविक खेती, कंपोस्ट खाद, गोबर खाद आदि। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. अजय लोहान, रोहित कुमार, सुमित्रा व अंजना ने इन आइडिया का मूल्यांकन किया और प्रथम पांच स्थानों पर रहने वाली टीमों का चयन किया । उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारनौंद रहा, जबकि आरोही स्कूल खेड़ी लोहचब दूसरे और कापड़ों का विद्यालय तीसरे स्थान पर रहा। कोथ कलाँ का स्कूल चौथे और कोथ खुर्द का रविद्यालय पांचवे स्थान पर रहा। ये पांच टीमें अब जिला स्तर पर हिस्सा लेंगी। खंड शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें बिजनेस के अवसरों के बारे में जागरूक करना था।

---

# ट्रैफिक पुलिस का ड्रिंक एंड ड्राइव पर सख्त एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

■ 31 वाहन चालकों के चालान कर वाहन किए जब्त

ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को शहर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक विशेष साप्ताहिक अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य नशे की हालत में वाहन चलाने जैसी खतरनाक प्रवृत्ति को रोकना और सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाना था। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने प्रमुख चौक-चौराहों, हाइवे के निकट बिंदुओं, बाजार क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष नाके लगाकर वाहनों की जांच की। इस दौरान शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए 31 ड्रिंक एंड ड्राइव चालान किए गए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ बिना किसी रियायत के सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क पर आपकी एक गलती किसी मासूम की जिंदगी छीन सकती है।

### पत्रकार डीपी बिश्नोई का निधन, संगठनों ने जताया शोक

**आदमपुर।** जवाहर नगर निवासी एवं वरिष्ठ पत्रकार डीपी बिश्नोई का बुधवार की रात्रि निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को दोपहर आदमपुर गांव में किया गया। उनके निधन पर आदमपुर पत्रकार संघ, आदमपुर व्यापार मंडल, भारत विकास परिषद, आदर्श युवा क्लब,, प्राइवेट स्कूल संघ, बिश्नोई सभा, पंजाबी सभा, संत नामदेव समिति मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट और आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश जांगड़ा, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, कुलबीर बेनीवाल, जय सिंह बिश्नोई, कांग्रेस नेता प्रदीप बेनीवाल, इनेलो नेता राजेश गोदारा आदि ने शोक व्यक्त किया है।



# पटेल की जयंती पर हांसी में निकली एकता पदयात्रा

■ सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन संघर्ष परिश्रम और राष्ट्रभक्ति की मिसाल : भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल प्रशासन एवं माय भारत केंद्र हिसार द्वारा गुरुवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शहर में एकता पदयात्रा निकाली। विधायक विनोद भयाना ने एसडी महिला महाविद्यालय से हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया।

विधायक की अगुवाई में निकाली गई एकता पदयात्रा का शहर में लोगों ने जमकर स्वागत किया। जगह-जगह पर नगर वासियों ने यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। एकता पदयात्रा के दौरान विधायक विनोद भयाना ने सरदार वल्लभभाई पटेल चौक पर सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद उन्होंने शहीदी स्मारक पर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन संघर्ष परिश्रम और राष्ट्रभक्ति की मिसाल है। एकता पदयात्रा का समापन एसडी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ। समापन समारोह में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मास्टर लोकेश शर्मा द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर आधारित गीत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आकर्षण का केंद्र रहा।



हांसी। एकता पदयात्रा की अगुवाई करते विधायक विनोद भयाना। फोटो : हरिभूमि

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी कोमल, तहसीलदार अनिल कुमार, डीएसपी विनोद शंकर, महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार गुप्ता, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अशोक मेहरा, सुरजीत गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना, मनजीत जांगड़ा, सुभाष यादव, महंत सागर नाथ, फतेह सिंह गुर्जर, रवि अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

### युवती को ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अश्लील वीडियो बनाकर ब्लेकमेल करने, रेप करने, धमकी देने और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने कहा है कि उसके मामा की लड़की संदीप से ब्याही गई है और इस नाते संदीप का मेरे पिता के घर हिसार मे आना जाना था। अगस्त 2023 में जब पीड़िता बाथरुम के साथ वाले कमरे मे कपड़े पहन रही थी तो आरोपी संदीप ने छुपकर उसकी नग्न वीडियो मोबाइल मे बना ली और उसे दिखाकर धमकाया कि यदि किसी के सामने जिक्र किया तो वीडियो वायरल कर दूंगा। इसके अलावा उसने भाई को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि संदीप ने उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। आरोप है कि जब पीड़िता अकेडमी जाती तो रास्ते मे रोककर डराता धमका, वीडियो वायरल करने की धमकी देता। एक दिन आरोपी ने मई 2024 में उसे रेड स्कवेयर मार्केट स्थित होटल में बुलाया और उससे रेप किया।

# नशे के ओवरडोज से युवक की मौत के मामले में नशा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

■ आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त समाज की दिशा में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नेतृत्व में थाना शहर हांसी पुलिस ने नशे से ओवरडोज से हुई युवक की मौत मामले में नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर रामलाल ने बताया कि 3 नवंबर को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। जिसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि युवक की मृत्यु नशे की ओवरडोज से हुई थी। इस गंभीर घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देश पर स्पेशल स्टाफ पुलिस की विशेष टीम गठित कर जांच प्रारंभ की। और पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य, कॉल डिटेल, और स्थानीय इनपुट के आधार पर सर्च अभियान चलाया। और पुलिस ने युवक को नशीला पदार्थ उपलब्ध करवाने मे संलिप्त दो महिला नशा तस्करों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार महिलाओं से पुछताछ के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस मामले में नशा तस्कर तीसरे आरोपी पातन निवासी महाबीर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपी महाबीर ने पूछताछ में बताया कि सांई कालोनी निवासी कांता उर्फ मोटी और अनिता उर्फ नीता उसके पास जुलाई जुलाई माह में नशीला पदार्थ स्मैक लेकर गई थी और कांता व अनिता से मृतक मय्यड़ निवासी मोनू 30 अक्टूबर को नशीला पदार्थ लेकर गया था। जिसकी बाद में नशीले पदार्थ के अधिक मात्रा में सेवन की वजह से उसकी मृत्यु हो गई थी।

### नशा तस्कर दो भाइयों को 10-10 साल की कैद

**हिसार।** अदालत ने नशा तस्करी मामले में पंजाब के संगरूर निवासी दोषी कारार दो भाइयों जस्सी खान और गगन खान को 10-10 साल की कैद व 1-1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों को दोषी करार दिया था। सदर थाना पुलिस ने 21 अगस्त 2020 को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने सूचना मिलने पर हिसार बाईपास स्थित तलवंडी राणा टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी की थी। पुलिस ने आरोपियों की गाड़ी को रुकवाया था। फिर पुलिस कर्मियों ने तलाशी ली तो गाड़ी में ड्राइवर सीट के नीचे से 2 किलो 700 ग्राम अफीम और पीछे रखे प्लास्टिक के कट्टे से 20 किलो डोडापोस्त बरामद हुआ था। पुलिस ने जस्सी खान और गगन खान को हिरासत में लेकर कार व नशीला पदार्थ कब्जे में लिए थे।

### व्यापक रूप से महानतम आधुनिक भारतीय विचारकों में से एक थे स्वामी विवेकानंद : प्रो. बिश्नोई

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद व्यापक रूप से महानतम आधुनिक भारतीय विचारकों में से एक थे। स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध नारों में से एक है 'उठो, जागो और तब तक रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए'। स्वामी विवेकानंद जी का यह सिद्धांत युगों-युगों तक भारतीय जनमानस का मार्गदर्शन करता रहेगा। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय के डॉ. भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय द्वारा विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं उसके माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए स्वामी विवेकानंद साहित्य की पुस्तक प्रदर्शनी के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। कुलसचिव डा. विजय कुमार ने पुस्तकालयध्यक्ष डा. विनोद कुमार और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

---

**आयोजन** | प्रतियोगिता में यूटीडी तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की टीमें शामिल

गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में खेलों का दूसरा दिन

# प्रतियोगिताओं में सीआरएम जाट कॉलेज का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रही 25वीं तीन दिवसीय इंटर कॉलेज वार्षिक खेल प्रतियोगिता में दूसरे दिन खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपने जौहर दिखाए। विश्वविद्यालय के महाराणा खेल स्टेडियम में चल रही इस प्रतियोगिता में यूटीडी तथा विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की टीमें भाग ले रही हैं। डीन स्पोर्टस प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को हुई 10 किलोमीटर वॉक प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज साहिल ने पहला तथा यूटीडी के मोनू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की पांच किलोमीटर वॉक में डीएन कॉलेज हिसार की नेहा ने पहला तथा यूटीडी की किरण ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग की 100 मीटर बाधा दौड़ में राजकीय महाविद्यालय हिसार की कुसुम ने पहला, ममता ने दूसरा तथा सीआरएम जाट कॉलेज की कोमल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की 110 मीटर बाधा दौड़ में डीएन कॉलेज के संदीप ने पहला, यूटीडी के विवेक ने दूसरा तथा डीएन कॉलेज के आशीष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।





हिसार। खेल प्रतियोगिताओं में दम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### लांग जम्प में जाट कॉलेज की तमन्ना रही प्रथम

लांग जम्प के महिला वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज की तमन्ना ने पहला, कोमल ने दूसरा तथा ओडीएम की डिम्पल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज के जतिन ने पहला, डीएन कॉलेज के संदीप ने दूसरा तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार के विक्रम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की 400 मीटर बाधा दौड़ में सीआरएम जाट कॉलेज के साहिल ने पहला, डीएन कॉलेज के संदीप ने दूसरा तथा यूटीडी के रोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज की कोमल ने पहला, एसडी महिला कॉलेज हांसी की अंन्जु ने दूसरा तथा सीआरएम जाट कॉलेज की रिंकू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की 400 मीटर दौड़ में सीआरएम जाट कॉलेज सुनील ने पहला, राहुल ने दूसरा व अंकुश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### हाईजंप में एफसी कॉलेज की नेहा अव्वल

महिला वर्ग के हाईजंप में एफसी कॉलेज की नेहा ने पहला तथा जीपीजी हिसार की सिमरण ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। चार गुणा सौ मीटर रिले दौड़ में महिला वर्ग में राजकीय महाविद्यालय हिसार की पूजा मलिक, पिंकी, सावी व खुशबू की टीम ने पहला, सीआरएम जाट कॉलेज की ईशा, चेतना, रीतिका व कोमल की टीम ने दूसरा तथा एफसी कॉलेज की निशा सोनिका, सरोज व आशा की टीम ने तीसरा स्थान स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज के राहुल, नितिन, सुनील व अमन की टीम ने पहला, राजकीय महाविद्यालय हिसार के अंकित, विक्रम, सचिन व संकित की टीम ने दूसरा तथा यूटीडी के मयंक, नितेश, राहुल तथा कुशल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### जाट कॉलेज का नितिन दौड़ा सबसे तेज

100 मीटर दौड़ में पुरूष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज के नितिन ने पहला, राजकीय महाविद्यालय हिसार के अंकुश ने दूसरा तथा यूटीडी के कुशल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज की ईशा ने पहला, कोमल ने दूसरा तथा चेतना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ज्वेलियन थ्रो के पुरूष वर्ग में यूटीडी के वंश ने पहला, राजकीय महाविद्यालय हांसी के पवन ने दूसरा तथा यूटीडी के नैतिक ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में डीएन कॉलेज की उषा ने पहला, एसडी महिला कॉलेज हांसी की अंजू ने दूसरा तथा महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला की सलमा ने तीसरा स्थान हासिल किया। पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज के तनिष्क ने पहला, यूटीडी का साहिल ने दूसरा तथा राजकीय महाविद्यालय हिसार के निशांत ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### नशीले कैप्सूल सहित दो युवक गिरफ्तार

**कालांवाली।** पुलिस ने हुडा कॉलोनी क्षेत्र से दो लोगों नवदीप सिंह व दिनेश कुमार को काबू कर 855 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मेडिकल नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए उन्होंने अपनी टीम के साथ गश्त के दौरान हुडा कॉलोनी में उन्होंने शक के आधार पर दो युवकों को रोककर तलाशी ली तो उनके कब्जा से नशे में प्रयुक्त होने वाले 855 कैप्सूल सिगनेचर के बरामद हुए।

### गोदाम से सरसों चोरी के तीन आरोपी दबोचे

**कालांवाली।** पुलिस ने गांव कालांवाली में सरसों के गोदाम में हुई चोरी की वारदात के तीन आरोपियों को रोड़ी रोड हुडा कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। कालांवाली थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि लवकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक गोदाम नजदीक कांडा फैक्ट्री स्थित ह जिसमें उसने सरसों का स्टॉक किया हुआ है। 18 नवंबर की सुबह जब उसने गोदाम में जाकर देखा तो गोदाम का ताला टूटा हुआ था और सरसों चोरी हुई पाई।

### कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक

**सिरसा।** हरियाणा गवर्नमैंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन टाऊन पार्क में बैठक की। यूनियन के प्रधान रमेश कुमार ने सभी कर्मचारियों को संगठन की मुख्य लम्बित पड़ी कर्मचारियों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान करने की अपील की।

### एडीआर सेंटर में वर्कशॉप का आयोजन

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वीरवार को स्थानीय एडीआर सेंटर में वर्कशॉप आयोजित की गई। वर्कशॉप में श्रमिक सुरक्षा अभियान और सीडब्ल्यूपी पीआईसी 110 2024 के निर्देशानुसार लीगल सर्विसेज अथॉरिटी एक्ट 1987 के तहत दिव्यांगजन के कानूनी अधिकार संबंधित जानकारी पैनल एडवोकेट बलबीर कौर गांधी और डिप्टी एलएडीसी कंवरजीत सिंह गिल ने दी। इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर, आशा वर्कर्स, पब्लिक हेल्थ वर्कर्स मौजूद रहे।

### 67900 रुपये की जुआ राशि सहित पांच दबोचे

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने गश्त के दौरान गांव खारियां क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर जुआ खेल रहे 5 लोगों को 67900 रुपए की जुआराशि व ताश के पत्तों सहित काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरविंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान संजय, जगदीश कुमार निवासियान गांव खारियां, पदम कुमार निवासी वार्ड नंबर 7 कालांवाली, राजकुमार व विनोद कुमार निवासियान गांव खारियां जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### पारिवारिक विवाद में दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** पारिवारिक विवाद में मारपीट करने व धमकी के एक मामले में रतिया पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मिंद्र सिंह उर्फ बिंद्र सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी जटाना कलां, थाना सरदुलगढ़, जिला मानसा, पंजाब व गुरमेज सिंह उर्फ हरमेज सिंह निवासी सहनाल के रूप में हुई है।

### अवैध हथियार मामले में मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजय उर्फ विजय सोनी पुत्र रामकुमार उर्फ रामकुवंर निवासी सुभाष नगर, कैथल के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 17 नवंबर को पुलिस पार्टी रूटीन गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक नाजायज पिस्तौल 315 बोर एवं एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

---

### एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ

# समाज को नशामुक्त करने के लिए युवा पीढ़ी का जागरूक होना बेहद जरूरी : डॉ. मीनाक्षी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस विभाग द्वारा 'नशामुक्त अभियान' के अन्रतगत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की और संचालन यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली ने किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नागरिक को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक करना और समाज को नशामुक्त करने में सक्रिय योगदान देना रहा। डॉ. मीनाक्षी कोहली ने विद्यार्थियों को नशा से दूर रहने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की शपथ ली।

इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी कोहली, प्रो. प्रतिभा मखीजा, डॉ. भव्या मुखी, प्रो. तारिका नारंग, प्रो. कान्ता सिंगला, नीरज कुमार, प्रीत कौर, वंदना, राजदीप कौर, अंजलि शर्मा, रूपिन्द्र, अमिति, आशा रानी सहित कॉलेज के अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने नशे के सामाजिक, आर्थिक और मानसिक दुष्प्रभावों पर चर्चा करते हुए बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। नशा आज हमारे समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए एक गंभीर अभिशाप बन गया है। युवा पीढ़ी अगर जागरूक होगी तभी नशामुक्त समाज का सपना साकार हो सकता है।

डॉ. मीनाक्षी कोहली ने विद्यार्थियों को शपथ दिलवाते हुए कहा कि हम सभी मिलकर यह प्रण लें कि हम न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इस बुराई से मुक्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। तभी हम वास्तव में एक स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण कर पाएंगे।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ शपथ दिलाते प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास। *फोटो : हरिभूमि*

#### नशामुक्त समाज के लिए युवा निभाएं अग्रणी भूमिका

*ओढां। नशा समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा है। यह न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उक्त विचार बडागुढ़ा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने पीएम श्री स्कूल बडागुढ़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं व स्कूल स्टाफ के सदस्यों को नशे के खिलाफ जागरुक करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नशे के कारण व्यक्ति की सोच और व्यवहार में बदलाव आता है, जिससे वह अपने परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर पाता है। उन्होंने कहा कि नशे का समाज और परिवार पर दुष्प्रभाव पड़ता है। नशा समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है। नशे के कारण समाज में अपराध और हिंसा बढ़ती है, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। नशे से बचाव के लिए सरकार, सामाजिक संगठनों और परिवारों को मिलकर काम करना चाहिए। इसके लिए लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि नशा बेचने वालों की सूचना निसंकोच होकर पुलिस को सूचना दें ताकि नशे पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अलावा स्कूल के मुख्याध्यापक व स्टाफ सदस्य मौजूद थे।*

#### नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम में सिरसा जिला रहा प्रथम

*सिरसा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम में सिरसा जिला ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 88,200 लोगों ने ऑनलाइन माध्यम से तथा 10,145 लोगों ने क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन माध्यम से नशा विरोधी शपथ ली है। साथ ही 1,200 अधिकारी एवं कर्मचारी, 25,000 महिला तथा 62,000 से अधिक युवाओं ने इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन प्रयासों के बल पर सिरसा ने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने जिला के सभी विभागों विशेष रूप से शिक्षा, पुलिस, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य तथा खेल आदि विभागों की टीम सहित सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अभियान में जिले की निरंतर उत्कृष्टता सभी विभागों के सामूहिक प्रयास और जनता के सहयोग का परिणाम है। जिला प्रशासन आगे भी अभियान को और व्यापक रूप से लागू कर सिरसा को नशा मुक्त जिले का मॉडल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने बताया कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में लघु सचिवालय के सभागार सहित जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें सिरसा एवं डबवाली पुलिस प्रशासन द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। पांच वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए नशा मुक्त भारत अभियान ने जन-जागरूकता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। केंद्र और राज्य सरकार ने विभिन्न माध्यमों-रैलियों, कार्यशालाओं, जनसंवाद और डिजिटल अभियान के जरिये समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि जिले में स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से निरंतर जागरूकता गतिविधियां चलाई गई हैं।*

---

**'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार'**

# जिले के हर गांव-हर घर तक पहुंचेगी पदयात्रा : भवानी सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



■ लोगों को नशे के दलदल से बाहर निकालता उद्देश्य

जिला फतेहाबाद से नशा तस्करी रूपी समाज के दुश्मनों को जड़ से खत्म करने और युवाओं व समाज को नशे जैसे सामाजिक बुराई से बचाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार' अभियान के तहत 'एक पदयात्रा नशे के खिलाफ' निकाली जाएगी। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में यह यात्रा 21 नवंबर शुक्रवार को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय, फतेहाबाद से रवाना होगी। इस पदयात्रा को फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी देते हुए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने बताया कि इस पदयात्रा का उद्देश्य युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे जागरूक कर उन्हें इस दलदल से बाहर निकालना और समाज को नशामुक्त करना है। इसके अलावा ऐसे युवाओं की पहचान करना जो युवा नशे की चपेट में आ चुके हैं। ऐसे युवाओं को नशे की दलदल से बाहर निकालकर उपचार करवाना और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना ही इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य है।

#### युवाओं को जागरूक करने की अपील

यह पदयात्रा के दौरान ट्रस्ट के सदस्य जिले के हर गांव और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिलेभर के गांवों में युवाओं की टीमों का गठन किया जा रहा है। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों खासकर युवाओं को शपथ दिलाई जाएगी कि वह अपने परिवार को नशामुक्त परिवार बनाएंगे और देश के विकास में अपना योगदान देंगे। वह अपने परिवार, दोस्तों और समाज को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि पदयात्रा को लेकर ट्रस्ट द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इस पदयात्रा को लेकर युवाओं में भी काफी उत्साह है। भवानी सिंह ने अपील की है कि समाज के सभी वर्गों के लोग इस पदयात्रा के साथ जुड़कर इस सामाजिक कार्य में अपना योगदान दें।

---

# मुख्यमंत्री यात्राओं की बजाए प्रदेश की जनता की यातनाओं पर दें ध्यानः दुष्यंत चौटाला

**कहाः जेजेपी की जुलाना रैली होगी ऐतिहासिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जननायक जनता पार्टी के आठवें स्थापना दिवस पर जींद जिले के जुलाना में 7 दिसंबर को ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें जेजेपी की भविष्य की रणनीति तैयार होगी वहीं प्रदेश सरकार की विफलताओं को भी उजागर किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला गुरुवार को सिरसा में मीडिया कर्मियों से रूबरू हो रहे थे। इससे पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला व दुष्यंत चौटाला ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान जहां प्रदेश का हर वर्ग सरकार की गलत नीतियों से परेशान है वहीं कानून व्यवस्था की लचर स्थिति ने भी सरकार के ढीले प्रबंधों की पोल खोल दी है। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा सरकार की ओर से आरंभ की गई लाडो लक्ष्मी योजना के नाम पर जिस प्रकार गरीब परिवारों के राशन कार्ड काटे गए और उनकी पेंशन को भी प्रभावित किया गया है, वह निंदनीय है। हरियाणा में कानून व्यवस्था की गिरती व्यवस्था पर चिंता जाहिर करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि किस प्रकार लालकिले के समीप हुए बलास्ट के तार हरियाणा के फरीदाबाद की एक यूनिवर्सिटी से जुड़े मिले, यह सभी के लिए चिंतनीय है। उन्होंने इसे इंटलीजेंस का फेलयोर बताया। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस बड़े व गंभीर मामले में जिस भी सतर्कता अधिकारी अथवा कर्मचारी का दोष पाया जाए, उसके खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए।


**सिरसा।** मीडिया से बातचीत करते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

#### सैकड़ों करोड़ रुपये की नकली बिलिंग

चौटाला ने कहा कि हरियाणा में हुए धान के घोटाले के लिए प्रदेश सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सैकड़ों करोड़ रुपए की नकली बिलिंग हुई और करोड़ों रुपए फर्जी खातों में डालकर इस घोटाले को अंजाम दिया गया। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्ष 2019 की तर्ज पर हरियाणा सरकार को प्रदेश के सभी मिलर्स की फिजिकल वैरिफिकेशन करवानी चाहिए। धान की इनकमिंग व डिस्पैच की जांच कर जो भी अधिकारी इसमें दोषी सिद्ध हो, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने धान के साथ-साथ बाजरे की फसल में भी खरीद बेच में हुई लूट के आरोपी अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने की सरकार से मांग की।

### भारत निर्माण में पटेल का अविस्मरणीय योगदानः डॉ. गोदारा

**सिरसा।** डाइट, डिंग में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं संविधान दिवस के उपलक्ष्य, इन विषयों से संबंधित विभिन्न प्रकार की पीपीटी एवं ई-कंटेंट का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न खंडों के विद्यालयों से आए हुए विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने भाग लिया। जिसमें अध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा जन जातीय गौरव दिवस, सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं संविधान दिवस से संबंधित अपनी पीपीटी एवं ई कंटेंट प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे सत्र में डाइट विषय विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम कोर्डिनेटर डॉ. दलीप सिंह गोदारा ने सरदार पटेल का आधुनिक भारत निर्माण में योगदान के बारे में तथ्यपूर्ण प्रस्तुति देते हुए कहा कि सरदार पटेल का आधुनिक भारत निर्माण में अविस्मरणीय योगदान रहा। पटेल सही मायनों में एकीकृत और सशक्त भारत के रचनाकार थे।

# स्वर्ण आभूषण व नकदी चोरी के दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने घर में घुसकर स्वर्ण आभूषण व नकदी चोरी के मामले में दो अन्य आरोपियों को रानियां क्षेत्र से काबू किया है। रानियां थाना प्रभारी गुरविंदर सिंह ने बताया कि रानियां क्षेत्र के गांव दारेवाला निवासी महताब सिंह पुत्र जगतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 16 सितंबर की रात्रि को कुछ अज्ञात लोगों ने उसके घर में घुसकर सोने के आभूषण व नकदी चोरी की वारदात को अंजाम देकर मौका से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर रानियां थाना में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान रानियां थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त दो आरोपियों भरत पुत्र रामचंद्र, जय प्रकाश पुत्र साधु राम निवासी गांव जोधपुरिया जिला सिरसा को नजदीक बस स्टैंड गांव जोधपुरिया से गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि रानियां थाना पुलिस ने इस मामलें में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की राशि व स्वर्ण आभूषण बरामद कर जेल भेज दिया था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (51 से 100)

❖ पंजाब सिंह सुपुत्र स्व. श्री लहरी सिंह, म. नं. 1337, अर्बन स्टेट, जीन्द ❖ हंस राज चुघ सुपुत्र श्री चम्बा राम, म. नं. 318/3, हकीकत नगर, रेलवे रोड, जीन्द ❖ वजीर सिंह सुपुत्र श्री भले राम, गांव बरसाना, खुंगा कोठी, जीन्द ❖ रचित एवं देव सुपुत्र श्री दीपक, एम्प्लॉयी कॉलोनी, गोहाना बाई पास, जीन्द ❖ सुशीला देवी धर्मपत्नी श्री अजित सिंह, गुलमोहर सिटी, ई-507, कैथल ❖ राम सिंह सुपुत्र श्री नेकी राम, बालू बिडन पट्टी, कलायत, कैथल ❖ देवांशी सुपुत्री श्री गोपाल कृष्ण, कुलवन्त नगर, वार्ड नं. 14, कलायत, कैथल ❖ कशमीरी लाल सुपुत्र श्री काशी राम म. नं. 562/14, आदर्श नगर, कैथल ❖ राममेहर सुपुत्र श्री ज्ञानी राम, गांव व डा. रामराये, जीन्द ❖ मनीष सिंह सुपुत्र श्री दौलत सिंह, गांव न्यौला, झज्जर ❖ जय सिंह सुपुत्र श्री रामचन्द्र, गांव बिरधाना, झज्जर ❖ बाल किशन सुपुत्र श्री सोनीराम, जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ लक्षिता सुपुत्री श्री कवंर सिंह, गांव जहाजगढ़, बेरी, झज्जर ❖ राजेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामसिंह गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जगदेव सिंह सुपुत्र श्री सिंह राम, ऋषि कॉलोनी झज्जर ❖ सुनील कुमार सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, बिरहड़, झज्जर ❖ राजेश कुमार सुपुत्र श्री सत्यपाल गांव लडायन, मातनहेल, झज्जर ❖ बलराम रोहिया सुपुत्र श्री बिजेन्द्र सिंह रोहिया, बिरडू मातनहेल, झज्जर ❖ श्री सुरेश कुमार सुपुत्र श्री राममेहर, गांव खांडा, खरखौदा, सोनीपत ❖ महाबीर पुत्र श्री बाहल सिंह निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ आयुष पुत्र श्री बिजेन्द्र निवासी आर्य नगर, सोनीपत ❖ श्रीमती कान्ता देवी पत्नी श्री जय नारायण, ओमेक्स सिटी, विला नं. 258, ब्लॉक-ए, सेक्टर-8 सोनीपत ❖ पवन कुमार सुपुत्री श्री ओमप्रकाश खत्री, भगत सिंह कॉलोनी, सोनीपत ❖ कृष्ण कुमार जांगड़ा सुपुत्र श्री ज्ञानी राम जांगड़ा, वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ जगमत सुपुत्र श्री जयपाल, गोच्छी, बेरी, झज्जर ❖ प्रेम सिंह सुपुत्र श्री नेता राम, बेरी, झज्जर ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं.देवी दत्त निवासी मकान नं.19/150, नई बस्ती, गली नं.1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ सुरेश कुमार पुत्र श्री भीम सिंह निवासी गांव मुकुंदपुर डाकखाना कानौदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ दयाराम पुत्र श्री कमलेश निवासी आर्य नगर, गली नं.2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ उमेश पुत्र श्री हवासिंह निवासी 12/410, सैनीपुरा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सुरेश शर्मा सुपुत्र श्री जगननाथ प्रसाद, रेलवे रोड, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ अमीर चन्द्र सुपुत्र श्री राधे श्याम, गीता कॉलोनी, वार्ड नं. 6, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ हरीराम टेलर सुपुत्र श्री बन्सी राम, गांव गुढ़ा केमथा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ नांरग लाल सुपुत्र श्री मनीराम, गांव मोहनपुर, नांगल, महेन्द्रगढ़ ❖ लव्या सुपुत्री श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सुनीता धर्मपत्नी श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ पुष्पा धर्मपत्नी श्री घनश्याम, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घ्रनश्याम धर्मपत्नी श्री छाजूराम नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ भरतराम प्रजापत सुपुत्र श्री भगवान दास गांव व डा. नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सरोज देवी बंसल धर्मपत्नी श्री रामकुमार बंसल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव शंकर शर्मा सुपुत्र श्री मंगतु रामजी शर्मा, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ घनश्याम भारद्वाज,नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ विवेक कुमार सुपुत्र श्री रतिराम, वार्ड नं. 4, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ सतीश सुपुत्र श्री रतनलाल प्रजापत, गांव वजीरपुर, बेरी, झज्जर ❖ अरूण कुमार सुपुत्र श्री कन्हैया लाल, पालतीमान, नजदीक गुरूद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ यश सुपुत्र श्री जोगेन्द्र, मन्नू नगर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ निरजंन लाल शर्मा सुपुत्र श्री गणेश लाल शर्मा, सेका, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शिव हरी चन्द्र अग्रवाल सुपुत्र श्री अमर चन्द्र, गुरुनानक पुरा नजदीक बड़ा गुरुद्वारा, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ सत्यनारायण सुपुत्र श्री रामप्रसाद, गांव बजाड़, महेन्द्रगढ़।

*क्रमशः*

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005


### जेजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में श्री गुरु तेग बहादुर के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन




**सिरसा।** जेजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर वीरवार को एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के तौर पर ओम ग्लोबल स्टर्लिंग यूनिवर्सिटी, हिसार की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आशा यादव शामिल हुईं। गुरुद्वारा भगत सिंह कॉलोनी, सिरसा के ग्रंथी भाई भजन सिंह ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, बलिदान और शहादत पर प्रकाश डाला और उपस्थित लोगों को उनकी शिक्षाओं पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुख्य वक्त डॉ. आशा यादव ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान सिर्फ सिख समुदाय के लिए नहीं बल्कि पूरी मानवता के लिए एक अमर संदेश है। उनकी शहादत हमें साहस और भक्ति के पथ पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि आज 350 वर्ष के बाद भी उनका त्याग और बलिदान उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय पर था। गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाएं हमें प्रकाश की तरह रास्ता दिखाती हैं। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुमित्रा चाहर, हरीश मिगलानी, डॉ. शर्मिला रोहिला, डॉ. सपना, डॉ. दीपिका, कुलदीप सिंह, रमन स्वामी, मोहित, करमजीत और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. आशा यादव को कालेज प्रबंधन द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं किसानः डॉ. केहरवाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डॉ. गंगासागर केहरवाला ने कहा कि पीएम किसान स मान निधि की 21वीं किस्त जारी कर किसानों को नए साल से पूर्व शानदार तोहफा दिया है। डॉ. केहरवाला ने जारी बयान में कहा कि सरकार की कृषि क्षेत्र में क्रियान्वित की जा रही बेहतर योजनाओं का ही परिणाम है कि अब प्रदेश का किसान विकास की मुख्यधारा के साथ जुड़ रहा है। किसान तरक्की के रास्ते पर निरंतर आगे बढ़ रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जाता है। सरकार ने इस योजना के तहत 20 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि सीधे खातों में भेजकर सिरसा के 120144 किसानों को लाभांवित किया है।

#### कृषि व्यवस्था में हरियाणा अग्रणी

डॉ. केहरवाला ने कहा कि बेहतर कृषि व्यवस्था व सुविधाओं की दृष्टि से हरियाणा पूरे भारत में अग्रणी है, इसलिए सबसे ज्यादा खुशहाल किसान हरियाणा का है। उन्होंने कहा कि बिजली, टेल तक पानी पहुंचाने, सीधे खाते में योजनाओं का लाभ पहुंचाने जैसी सुविधाओं की सौगात सरकार ने किसानों को दी है। सरकार गरीब, किसान, मजदूर सभी वर्गों के लिए समान रूप से काम कर रही है। यही नहीं, योजनाओं को धरातल स्तर पर क्रियान्वित करने के लिए अधिकारियों को जवाबदेही भी तय की गई है, ताकि किसानों को योजनाओं का त्वरित लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे जागरूक होकर सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं।

---

**प्रतियोगिता** | पुलिस ने आधारित ब्लॉक स्तर की परीक्षा का किया आयोजन

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सम्पन करवाने में स्थानीय शिक्षा विभाग का रहा योगदान

# 7700 स्कूली बच्चों ने यातायात नियमों पर आधारित परीक्षा में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात नियमों पर आधारित ब्लॉक स्तर की परीक्षा का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फैसल खांन व डीएसपी संजीब बल्हारा ने स्वयं स्कूलों में पंहुचकर यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के बारे में जानकारी हासिल की।

एएसपी फैसल खांन ने बताया कि इस परीक्षा में जिला भर के सभी स्कलों के करीब 7700 स्कूली विधार्थियों ने यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लिया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा सम्पन करवाने में स्थानीय शिक्षा विभाग का काफी योगदान रहा है।

उन्होंने आमजन व स्कूली बच्चों से आह्वान करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों को अपने मन से अपनाए न कि पुलिस के भय से। उन्होंने कहा कि बचपन के समय सीखी हुई बाते बच्चे जिंदगी भर याद रखते हैं, इसीलिए अभिभावकों को अपने बच्चों को बचपन में ट्रैफिक निमयों के बारे में अच्छी शिक्षा दें ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं,क्योंकि की बचपन का समय स्वर्णिम कॉल होता है तथा सीखने और सीखाने का सही समय होता है । उन्होंने जिला के सभी स्कूल व कॉलेजो के विधार्थियों से आह्वान किया है कि वे यातायात नियमों की स्वयं पालना कर अपने आसपास के लोगों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें ताकि यातायात व्यवस्था को और अधिक सदृढ़ बनाया जा सके।


**सिरसा।** यातायात नियमों पर आधारिरत प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

#### प्रशासन समय-समय पर जागरुक कर रहा

एएसपी ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सदृड व सुचारु बनाने व लोगों का जीवन सुरक्षित रखने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से आमजन व स्कूली बच्चों को यातायात नियमों बारे विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है, जिसके काफी सार्थक परिणाम आ रहे है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना कर बच्चे यातायात व्यवस्था को व्यवस्था को सदृढ़ बनाने में अहम योगदान दे सकते है। एएसपी फैसल खांन ने अभिवावकों से अपील करते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलानें दें। ट्रैफिक नियमों पर आधारित परीक्षा को लेकर स्कूली बच्चे काफी उत्साहित थे । इस अवसर पर डीएसपी संजीव बल्हारा ने उपस्थित बच्चों से कहा कि हर व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण होता है,जीवन को सुरक्षित रखना स्वयं की जिम्मेदारी है । थोड़ी सी एहतियात बरतने से बड़ी दुर्घटना से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम ने दिल्ली रोड से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही है।तहबाजारी इंचार्ज सुरेंद्र शर्मा के अनुसार, गुरुवार को अभियान की शुरुआत दिल्ली रोड पुल से पहले एक दुकानदार द्वारा शेड लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाकर की गई। टीम ने जिंदल चौक से दिल्ली रोड पुल तक और सूर्य नगर अंडरपास तक सड़क के दोनों ओर लगी रेहड़ियों को हटाया।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने अग्रोहा मोड से मोटरसाइकिल चोरी के मामले में खेदड़ गांव निवासी अमित उर्फ शीलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 18 नवंबर को गोरखपुर निवासी सतबीर ने अग्रोहा मोड से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 18 नवंबर को अपने निजी काम से मोटरसाइकिल पर अग्रोहा मोड आया था।

### गली में फायरिंग करने के मामले में एक काबू

**हिसार।** 12 क्वार्टर चौकी पुलिस ने गली में शोर-शराबा, मारपीट एवं फायरिंग करके दहशत फैलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी कौशिक नगर निवासी विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महाबीर कॉलोनी निवासी चन्द्र ने इस संबंध में शिकायत दी थी। उसने बताया कि गत 18 नवंबर को रात लगभग 12 बजे पड़ोस में अभिषेक के जन्मदिन के दौरान शुभम, विजय सहित चार–पांच युवक गली में शोर कर रहे थे।

### धोखाधड़ी मामले में राशि समेत युवक गिरफ्तार

**नारनौंद।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने टेलीग्राम पर लिंक भेजकर टॉस्क पूरा करने के नाम पर दो लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी मामले में आरोपित युवक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसकी पहचान अमृतपाल निवासी केसरी सिंहपुर जिला गंगानगर के रूप में हुई हैं। उसके कब्जे से 30 हजार रुपये बरामद कर कब्जा पुलिस में लिए गए है।

### ट्रस्ट सदस्यों ने संस्था को दी गाय और बछिया

**हिसार।** भीख नहीं किताब दो संस्था द्वारा संचालित स्वाभिमान अध्ययन केंद्र एवं छात्रावास, तलवंडी राणा में पूर्व विधायक स्वर्गीय जय नारायण वर्मा के पौत्र प्रशांत वर्मा की सास व पुत्रवधु नैना चावला की माता शीला देवी चावला द्वारा जय नारायण वर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से एक दूध देने वाली गाय और बछिया दान की गई है। ट्रस्ट द्वारा संस्था को शुरुआत से ही सहयोग किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर झुग्गियों में शिक्षा साम्रगी उपलब्ध करवाई जाती है।

### भाजपा सरकार लोकतंत्र पर कर रही कुठाराघात

**हिसार।** पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को नलवा में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस बैठक में आगामी 7 दिसंबर को जुलाना में आयोजित होने वाले जेजेपी के स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यन्त चौटाला ने आरोप लगाया कि केंद्र व हरियाणा में भाजपा सरकार लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही हैं।

### जेजेपी ने नारनौंद में की जंबो कार्यकारिणी घोषित

**नारनौंद।** जजपा हलका नारनौंद की कार्यकारिणी का गठन किया गया। पार्टी के जिला प्रधान अमित बूरा व हलका प्रधान ईश्वर सिंघवा ने बताया कि कृष्ण सिहाग सिसाय बोलान, वेदपाल बुडाना को वरिष्ठ उप प्रधान, अशोक मोर, मनीष नंबरदार, सुरेश बेनीवाल, रामेश्वर सरपंच, रघुवीर शर्मा, कर्मबीर सिंघवा, जितेंदर दुहन को उप प्रधान, राजकुमार राजू सिसाय को प्रधान महासचिव और सुरेश खर्ब, शीलू गैबीनगर को महासचिव नियुक्त किया गया है।

---

### गांव पातन में पंचायती भूमि से काटे हरे पेड़, डीसी को दी शिकायत

# डीडीपीओ को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश



**हिसार।** नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए डीसी अनीश यादव व एडीसी सी जयाश्रद्धा। *फोटो : हरिभूमि*

### समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

उपायुक्त अनीश यादव ने वीरवार को समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनी। उन्होंने शिविर में उपस्थित अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान को लेकर सख्त निर्देश दिए और कहा कि शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर विभागीय अधिकारी पूरी तत्परता के साथ कार्रवाई करें। समाधान शिविर में गांव पातन निवासी एक प्रार्थी की गांव में पंचायती भूमि व फिरनी में लगे हरे पेड़ों की कटाई की शिकायत पर उपायुक्त अनीश यादव ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव बडाला के एक प्रार्थी ने प्राइवेट बसों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों व विद्यार्थियों के बस पास मान्य न करने की शिकायत पर उपायुक्त ने आरटीए विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की हिदायत दी।

#### मोहल्ला सैनियान में अवैध कब्जे

मोहल्ला सैनियान निवासी द्वारा महाराजा शूरसेन सैनी पार्क, पुरानी सब्जी मंडी के पीछे तथा डाबड़ा चौक से रेलवे लाइन की तरफ अवैध कब्जे हटवाने की मांग पर उपायुक्त ने नगर निगम के अधिकारियों को समाधान की दिशा में कदम उठाने के लिए जरूरी हिदायत दी। हिन्दवान निवासी एक प्रार्थी द्वारा मकान के साथ कुई खोदने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। गांव गढ़ी निवासी सुमित ने राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड़ की लाइट ठीक करवाने, सरकारी स्कूल के पास साफ-सफाई करवाने तथा ओपन जिम के उपकरणों को ठीक करवाने की मांग पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# 60 हजार एमएसएमई फैब्रिकेटर्स किए प्रशिक्षित

- 5 लाख एमएसएमई को कुशल बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



भारत का स्टेनलेस स्टील उद्योग आने वाले कुछ वर्षों में 8-9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ तेजी से प्रगति करने के लिए तैयार है। बढ़ती मांग और तेजी से हो रहे इनोवेशन की वजह से यह क्षेत्र बड़े परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, ऐसे में एक कुशल भविष्य की जरूरतों के हिसाब से तैयार कार्यबल की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसी राष्ट्रीय पहलों के अनुरूप अपनी स्टेनलेस अकेडमी के जरिये इस परिवर्तन का नेतृत्व कर कर रही है। इस पहल के जरिये छात्रों, युवा पेशेवरों और एमएसएमई (जिसमें फैब्रिकेटर्स भी शामिल हैं) को श्रेणी संबंधी जागरूकता और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप व्यवहारिक कौशल प्रदान करती है। इससे वैल्यू चेन मजबूत होती है और पूरे उद्योग में सतत विकास को बढ़ावा मिलता है। शुरुआत से अब तक, स्टेनलेस अकेडमी 60,000 से अधिक एमएसएमई फैब्रिकेटर्स को प्रशिक्षित कर चुकी है। इसके अलावा, विशेष स्टेनलेस स्टील कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 9,000 इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों के छात्रों को शिक्षित किया गया है, साथ ही उद्योग को और मजबूत बनाने के लिए कई इंडस्ट्री सत्र भी आयोजित किए हैं। अब 5 लाख से अधिक एमएसएमई तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

#### मानव संसाधन सबसे जरूरी : अभ्युदय

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मजबूत मानव संसाधन सबसे जरूरी है। स्टेनलेस अकेडमी हमारे इसी प्रयास का हिस्सा है, जहां हम वैल्यू चेन के हर स्तर पर ज्ञान और कौशल को बढ़ावा दे रहे हैं। हमारा उद्देश्य एक सक्षम कार्यबल तैयार करने के साथ-साथ ऐसा माहौल बनाना है जो भारत की औद्योगिक वृद्धि को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाए।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता में होली चाइल्ड छाया

**हिसार।** होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हिसार के विद्यार्थियों ने हाल ही में बाल भवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के 13 विद्यार्थियों को सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। प्रतियोगिताओं में स्केचिंग ऑन द स्पॉट, क्ले मॉडलिंग, डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट, देशभक्ति समूह गान, क्विज कॉन्टेस्ट, रंगोली तथा हिन्दी हैंडराइटिंग जैसी कुल 7 श्रेणियां शामिल थीं, जिनमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सम्मानित विद्यार्थियों में 11वीं की मिष्ठी, तनिष्का, संजना, हेना, अमन और ललित शामिल रही।

# राम-नाम से होगा मानव का कल्याण

- गीता भवन मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का सातवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** गीता भवन में कथा श्रवण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

मौहल्ला रामपुरा स्थित गीता भवन मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए वृंदावन धाम से आए कथा व्यास संत गोपीराम महाराज ने कहा कि कलियुग में केवल भगवान्नाम और सत्संग दोनों ही मानव कल्याण के सरल साधन हैं। जो फल त्रेता, द्वापर में हवन करने से, तपस्या से अथवा समाधि से प्राप्त होता था, वही फल कलियुग में केवल नाम स्मरण करने से मिलेगा। विभीषण रावण के यहां धर्म रुप में थे परन्तु रावण ने विभीषण को लात मारकर भगा दिया। उसी समय भगवान ने विभीषण के हित की प्रतीज्ञा की थी। विभीषण राम की शरण में आए, भगवान ने उसे गले लगाया। जो धर्म की रक्षा करते हैं तो धर्म भी उनकी रक्षा करता है। विभीषण से मिलकर भगवान बहुत प्रसन्न हुए। नल, नील के द्वारा सेतु बांधकर पुल तैयार किया। भगवान ने रामेश्वरम की स्थापना की, भगवान श्रीराम ने कहा कि शिव मेरे स्वामी हैं, जो शिव से विरोध करके मेरी भक्ति चाहता है, वह मेरी भक्ति कदापि प्राप्त नहीं कर सकता। जो कोई भी शिव पर गंगाजल चढ़ाएगा, उसे हर तरह से लाभ मिलेगा। मंच संचालन करते हुए भजन गायक सुमित मित्तल ने भजनों की वर्षा की।

---

### नौ करोड़ किसान लाभान्वित : डॉ. गुप्ता

**हिसार।** भाजपा जिला कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 21वीं किस्त 19 नवंबर 2025 को जारी की गई है। इस योजना से 9 करोड़ किसान लाभांवित होंगे। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, लोकेश असीजा, कृष्ण बिश्नोई, दीपक अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह सैनी, प्रोमिला पुनिया, विनोद तोशावाड़, सुनील वर्मा, अनुज जैन, धर्म सिंह खटकड़, धर्मवीर पानू प्रधान, आदि उपस्थित रहे।

# छात्रों ने लॉन्च किया 'क्लिची' फैशन स्टार्टअप

- युवा उद्यमियों को मिला विश्वविद्यालय का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** ओएसजीयू के कुलपति प्रो. एन. पी. कौशिक एवं प्रति कुलपति प्रो. राजेंद्र सिंह छिल्लर के साथ विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (ओएसजीयू) के छात्रों ने नए कपड़ों और लाइफ़स्टाइल के लिए "क्लिची" नाम से स्टार्टअप लॉन्च करके उद्यमिता की दुनिया में कदम रखा है। यह पहल प्रतिष्ठित 'सृजन - नवाचार, ऊष्मायन और उद्यमिता केंद्र' के तहत शुरू की गई है, जो विद्यार्थियों को अपने व्यावसायिक विचारों को हकीकत में बदलने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ पुनम गोयल ने पूरी टीम को बधाई देते हुए इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय हमेशा से ही ऐसे युवा नवप्रवर्तकों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देता आया और देता रहेगा। ओएसजीयू अपने छात्रों के लिए स्टार्टअप शुरू करने के अधिक अवसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्लिची स्टार्टअप की स्थापना तीन छात्रों विकास, मोहित और मयंक ने साझेदारी में की है। इन छात्रों का प्राथमिक लक्ष्य है कि वे ट्रेंडी और किफायती फैशन उत्पाद उपलब्ध कराकर युवा पीढ़ी की फैशन ज़रूरतों को पूरा करें।

# निधि का गीता महोत्सव प्रतियोगिता के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



निधि शर्मा

- आरपीएस स्कूल की आठवीं की छात्रा है निधि

आरपीएस पब्लिक स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा निधी शर्मा ने जिला स्तरीय गीता जयंती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावकों व विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 20 नवम्बर 2025 को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा हिसार में आयोजित की गई थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर निधि शर्मा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के पीछे हिंदी अध्यापिका रेणु यादव का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता सुखदेवा ने निधि को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधक डॉ. संदीप देसवाल ने छात्रा निधी और उपदेशक को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि यहां न केवल शिक्षा, बल्कि सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतिभाओं को भी बराबर प्रोत्साहन मिलता है।

### वैदिक ने कराटे में जीता सिल्वर मेडल

**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पांचवी कक्षा के छात्र वैदिक ने हिसार कैंट में आयोजित तीसरी जिला चैंपियनशिप कराटे दंगल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर अपने अभिभावकों व विद्यालय को गौरवान्वित किया।

प्राचार्या ऋतु सिंह ने बताया कि इस तरह के गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा का विकास होता है। वहीं रजत पदक विजेता वैदिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने अध्यापक कराटे कोच संजय वर्मा व स्कूल अध्यापिका आंचल को दिया। वहीं प्रबंधन समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, सेक्रेटरी रजत अग्रवाल, व कैशियर चंद्रभान गर्ग ने वैदिक के उज्वल भविष्य की कामना की।

---

# स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों युवतियां

- गुजवि में हुआ 'मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्तन स्व-परीक्षण' पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** महिला छात्रावास में स्वास्थ्य चेकअप कैंप में डाक्टरों तथा छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई। *फोटो : हरिभूमि*

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई ने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों ही जीवन की प्रगति का आधार हैं। प्रत्येक युवती को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। डॉ. वंदना बिश्नोई विश्वविद्यालय के छात्रावास प्राधिकरण एवं आधार स्वास्थ्य संस्था के सौजन्य से 'मासिक धर्म स्वास्थ्य एवं स्तन स्व-परीक्षण' विषय पर एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपना संबोधन दे रही थी।

#### चिकित्सकीय सलाह आवश्यक : डा. अनीता

मुख्य वक्ता डॉ. अनीता पूनिया ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान होने वाले सामान्य शारीरिक परिवर्तनों, उनसे जुड़े भ्रांतियों तथा सही देखभाल के तरीकों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने मासिक धर्म के समय व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ साधनों का उपयोग, संक्रमण से बचाव, पौष्टिक भोजन, आयरन-युक्त आहार तथा जल सेवन के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि मासिक धर्म के समय मूड परिवर्तन, थकान, चिड़चिड़ापन या हल्की पीड़ा शरीर की प्राकृतिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, परंतु अत्यधिक कष्ट की स्थिति में चिकित्सकीय सलाह आवश्यक है।

# स्वस्थ रहने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी : प्रो. काम्बोज

- हकृवि में कैंपस हॉस्पिटल एवं सर्वेश हेल्थ सिटी द्वारा हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल व सर्वेश हेल्थ सिटी की ओर से संयुक्त रूप से हेल्थ टॉक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। मंच पर कैंपस अस्पताल से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रीति मलिक, सर्वेश हेल्थ सिटी से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अल्का बिश्नोई व डॉ. विकास जैन उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर अधिकांश बीमारियों से निजात पा सकते हैं। स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन व्यायाम और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग से भी बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। एक स्वस्थ समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए हमें बीमारियों को गम्भीरता से लेना चाहिए।

---

**बैठक** | गीता पर आधारित कार्यक्रमों का होगा आयोजन

# जिला स्तरीय चार दिवसीय गीता महोत्सव 28 से

### एसडीएम ज्योति मित्तल ने आयोजन को सफल बनाने के लिए बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम ज्योति मित्तल।

जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को एसडीएम ज्योति मित्तल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, झांकियों सहित तमाम तैयारियां को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। एसडीएम ने बताया कि गीता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए गीता की मूल भावना के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 नवंबर से 1 दिसंबर तक जिला स्तरीय गीता महोत्सव भव्य, गरिमामय और जन-सहभागिता के साथ मनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम में गीता पर आधारित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, संदेश वाचन, विद्यालयों की सक्रिय सहभागिता के साथ-साथ विशाल शोभा यात्रा तथा सुबह-शाम यज्ञ व आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### 2550 स्कूली बच्चों ने दी खंड स्तरीय परीक्षा

**हांसी।** पुलिस प्रशासन व शिक्षा विभाग के सहयोग से गुरुवार को यातायात नियमों पर आधारित राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल हांसी, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बास में खंड स्तर की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में पुलिस जिला हांसी के करीब 2550 विद्यार्थियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्राप्त करने वाले 72 विद्यार्थी जिला स्तर पर आयोजित परीक्षा में भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप

### हेल्थ मिशन सम्मेलन में लुवास की सक्रिय भागीदारी

**हिसार।** नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय वन हेल्थ (एकल स्वास्थ्य) मिशन सम्मेलन में देश-विदेश के विभिन्न मंत्रालयों के सचिव, प्रशासक, नीति-निर्माता तथा अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संगठनों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'ज्ञान से क्रियान्वयन तक–एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य, एक भविष्य' के अनुरूप मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य के समन्वित दृष्टिकोण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और छात्र भी कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। कुलपति स्वयं सम्मेलन में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उनका दूरदर्शी मार्गदर्शन वन हेल्थ क्षेत्र में लुवास की राष्ट्रीय भूमिका को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

### पुलिस ने चोरी का माल जब्त नहीं किया तो होगा हिसार बंद

**हिसार।** व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में अग्रोहा में हुई। व्यापारियों की समस्या सुनी और पीड़ित व्यापारी विजेंद्र थोर की दुकान शिव कामेश्वर ट्रेडिंग कंपनी में लगभग 12 लाख की चोरी हुई उससे मिले। मौके पर बजरंग गर्ग ने पुलिस अधिकारियों को फोन करके चोरी का माल बरमाद करने को कहा। पुलिस प्रशासन ने चोरों को नही पकड़कर माल की बरामदी नहीं तो हिसार जिला बन्द किया जाएगा। अग्रोहा में एक साल में 60 से ज्यादा चोरियों की वारदातें हो चुकी है और अग्रोहा धाम में लोहा, तांबे, बिजली की तारे व बैटरी अनेकों बार चोरियां हो चुकी है मगर बड़े अफसोस से कहना पड़ रहा है पुलिस अधिकारियों द्वारा बार-बार आश्वासन के बाद भी एक भी चोरी का माल की बरामदी नहीं कि गई है। पुलिस प्रशासन को अपराधियों को पकड़ कर चोरी का माल बरामद करना चाहिए और अपराध पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए कठोर से कठोर कदम उठाने चाहिए।

### पीएनबी वाली गली में श्री श्याम जन्मोत्सव कल

**बरवाला।** श्री श्याम लखदातार मंडल बरवाला के तत्वावधान में वार्ड नं. 9 पंजाब नेशनल बैंक वाली गली में 22 नवंबर को सायं 7 बजे श्री श्याम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंडल के पदाधिकारी संजय नारंग ने बताया कि इस जन्मोत्सव में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक वेद नारंग, चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, प्रधान मोनू संदूजा, समाजसेवी मुकेश मित्तल, राहुल चोपड़ा, प्रधान गोविंद नारंग व पुनीत जावा आदि द्वारा शिरकत की जाएगी।

### मोदी 25 को कुरुक्षेत्र में करेंगे रैली को संबोधित

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को कुरूक्षेत्र में विशाल रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी ने प्रधानमंत्री की रैली की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके प्रति भारी जोश देखा जा रहा है। रैली की तैयारियों के सिलसिले में भाजपा जिला कार्यालय में वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी जवाहर सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 नवंबर को कुरूक्षेत्र में विशाल रैली करने वाले हैं। इसकी सफलता में हर कार्यकर्ता व हर पदाधिकारी की भागीदारी आवश्यक है और सभी अपने-अपने स्तर पर ऐसे प्रयास करें कि रैली की सफलता में बड़े से बड़ा योगदान दे सकें। उन्होंने जिला पदाधिकारियों को रैली बारे आवश्यक निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। बैठक में विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, अनूप धानक, मेयर प्रवीण पोपली, महामंत्री कृष्ण सरसाना, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, आईटी मीडिया प्रभारी सुरेश जांगड़ा आदि शामिल हुए।